/सर्वोच्च प्राथमिकता/ समयबद्ध//आज ही

पत्र सं0-स्था0-6-सामान्य स्क्रीनिंग(2017-18)/ 2020-21/ 1634 /वाणिज्य कर

प्रेषक,

एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1- एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,
नोएडा।

2- समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

3- अपर निदेशक,
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
गोमती नगर, लखनऊ।

(स्थापना-अराजपत्रित अनुभाग) लखनऊ :: दिनांक:: 10 सितम्बर, 2020

विषय:- **दिनांक 01.04.2017 से दिनांक 31.03.2020 तक सरकारी सेवाओं से अनिवार्य सेवानिवृत्त किये गये, सेवा से हटाये गये / सेवा से पदच्युत किये गये तथा नवनियुक्त किये गये कार्मिकों की संख्यावार सूचना के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-865/11-3-2020 दिनांक 26.08.2020 के साथ संलग्न विशेष सचिव, कार्मिक विभाग का पत्र संख्या-13(3)/2020(1)/का-1-2020 दिनांक 18.08.2020 की छायाप्रति संलग्न करते हुए दिनांक 01.04.2017 से दिनांक 31.03.2020 तक सरकारी सेवाओं से अनिवार्य सेवानिवृत्त किये गये, सेवा से हटाये गये / सेवा से पदच्युत किये गये तथा नवनियुक्त किये गये कार्मिकों की संख्यावार सूचना तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये है।

अतः अनुरोध है कि दिनांक 01.04.2017 से दिनांक 31.03.2020 तक सरकारी सेवाओं से अनिवार्य सेवानिवृत्त किये गये, सेवा से हटाये गये / सेवा से पदच्युत किये गये तथा नवनियुक्त किये गये अराजपत्रित श्रेणी के कार्मिकों का अपने जोन से सम्बन्धित सूचना इस पत्र के साथ संलग्न प्रारुप में सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर **फैक्स (0522-2306072) व ई-मेल (cta3comhqlu-up@nic.in)** के माध्यम से मुख्यालय को <u>आज ही</u> उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि संकलित सूचना समयान्तर्गत शासन को प्रेषित की जा सके।

संलग्नक:-उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(पी0एन0 यादव)
ज्वाइण्ट कमिश्नर(स्थापना अराजपत्रित)वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

<u>पृ0पं0सं0 व दिनाक एवं उक्त।</u>

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(आई0टी0)वाणिज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने के साथ ही अनुभाग से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- ज्वाइन्ट कमिश्नर(संग्रह)वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।

3- पटल प्रभारी स्था-5(क/ग), स्था-4(क/ख/ग/घ), 3(क/ख) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने पटल पर उपलब्ध उपरोक्त वांछित सूचना आज ही स्था-06 सामान्य पटल को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक:-<u>उपरोक्तानुसार।</u>

ज्वाइण्ट कमिश्नर(स्थापना अराजपत्रित)वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

::प्रारुप::

दिनांक 01.04.2017 से दिनांक 31.03.2020 तक की अवधि

क्रम संख्या	कर्मचारी का नाम/पदनाम	अनिवार्य सेवानिवृत्त का दिनांक	सेवा से हटाये जाने का दिनांक	सेवा से पदच्युत किये जाने का दिनांक	अन्य वृहद दण्ड	लघु दण्ड	नवनियुक्ति होने पर आदेश संख्या / दिनांक
1	2	3	4	5	6	7	8